under Governmment's consideration for laying down railway line from Khurja Junction to Palwal; and

(b) if so, what is the progress made so far in this regard?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) A survery for a bye-pass line between Khurja-Palwal-Rewari-Rohtak has been taken up. Further consideration would be possible once the survey is completed and the report is available.

प्लेटफार्मों पर खान-पान सेवा के लिए लाइसेंस जारी करने संबंधी दिशा-निर्देश

*327. **श्री राधाकिशन मालवीय:** क्या रेल मंत्री 27 जुलाई 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 276 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि रेलवे प्लेटफार्मों पर खान-पान सेवा प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी करने और वहां पर रेलवे स्टालों का आवंटन करने संबंधी दिशा-निर्देश क्या-क्या हैं और यदि इसमें अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के आवेदकों के लिए कोई कोटा निर्धारित किया गया है तो वह कितना है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): खान-पान/वैंडिंग लाइसेंसों के आवंटन के संबंध में क्षेत्रीय रेलों को जारी किये गये दिशा-निर्देशों में समाचार-पत्रों में विज्ञापन देकर, प्रतिष्ठित तथा व्यावसायिक खान-पान प्रबंधकों से आवेदन-पत्र मांगने की व्यवस्था है, विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन-पत्रों की विधिवत् रूप से गठित अधिकारियों की स्क्रीनिंग/प्रवरण समिति द्वारा जांच की जाती है और सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर लेने के बाद सबसे अधिक उपयुक्त सम्मुख आने वाले आवेदक को लाइसेंस प्रदान किया जाता है। यद्यपि अ०जा०/अ०ज०जा० के उम्मीदवारों के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं है तथापि छोटे स्टेशनों पर ऐसे आवंटनों के मामले में उन्हें तरजीह दी जाती है।

Compensation to Indian Soldiers killed in UN Peace-Keeping Operations

*329. SHRI CHATURANAN MISHRA:
SHRI JALALUDIN ANSARI:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1120 given in the Rajya Sabha on 3rd August, 1994 and state:

(a) whether it is a fact that Government of India has sent a bill of Rs. 1,00,000 for compensation for two Indian soldiers killed in UN peace-keeping operations in Somalia early this year; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SALMAN KHURSHEED): (a)
No, Sir.

(b) Does not arise.

दिल्ली और अम्बाला तथा दिल्ली-हिसार-सिरसा के मध्य चार लेन वाली सड़क प्रणाली

*330. **श्री रामजी लाल:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली और अम्बाला तथा दिल्ली-हिसार-सिरसा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार लेन वाली सड़क प्रणाली के चल रहे निर्माण कार्य के कब तक पूरे हो जाने की संभावना है;

(ख) इस कार्य पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है और शेष कार्य को पूरा करने में अभी कितना और व्यय होने की संभावना है;

(ग) क्या इस कार्य की लागत में कोई वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) दिल्ली और अम्बाला के बीच मुरथल से करनाल तक चार लेन बनाने का कार्य चल रहा है। यह कार्य दिसम्बर 1995 तक पूरा हो जाने की संभावना है। करनाल से अम्बाला तक चार लेन बनाने का कार्य अभी निर्माण पूर्व स्तर पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 10 पर दिल्ली-हिसार-सिरसा खंड पर चार लेन बनाने का कोई कार्य नहीं चल रहा है।

(ख) जुलाई, 1994 तक 32.05 करोड़ रु० खर्च हो चुके हैं। बकाया कार्य पूरा करने के लिए शेष राशि के बारे में अभी से बता पाना संभव नहीं है।